# Alumni Meet

देशबन्धु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय, पानीपत मे 12/05/2023 को 'पूर्व छात्र मिलन' समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती संजू अतरोल रहे। पूर्व छात्रो ने मनोरंजक प्रस्तुतियाँ दी और अपने अनुभव साझा किए। पूर्व छात्र संघ के चुनाव मे श्री प्रेम वर्मा को अध्यक्ष, शालू जांगड़ा को उपप्रधान, सचिव पद पर विनय, मंजीत को कोषाध्यक्ष, शीना तमन्ना और आरमीन को कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया। कार्यक्रम मे 123 पूर्व छात्रो ने भाग लिया।

Incharge Alumni meet

Geeme

## Desh Bandhu Gupta Govt.College, Panipat

IQAC Organizes Alumni Meet

Dear Alumni

You are cordially invited to Alumni meet to cherish all the joyful moments that you spent in college with us. Reminisce your memorable experience and share your stories of success and happiness

We look forward to you gracious presence as per following schedule

VENUE: COLLEGE HALL DATE: 27/04/2024 TIMING : 10:00 A.M..

Contact at : gcalumniameet@gmail.com

**Student Registration Link**

https://forms.gle/VsGLeGPQLHjQ2YRh7

https://forms.gle/rAPhAJ5pm7zwS9BA9

| Alumni meet committee | IQAC | Principal |
| --- | --- | --- |
| Mrs. Seema (Convener) | Dr. Daljit Singh | Mrs. Sanju Abrol |

27.04.2024

# प्रैस-रिपोर्ट

आज देशबंधु गुप्ता राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पानीपत में 'पूर्व छात्र सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम MPH हॉल में प्राचार्य जी-श्रीमती संजु अबरोल-के नेतृत्व व प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह के मार्गदर्शन में करवाया गया। सरस्वती वंदना व दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्राचार्या जी ने पूर्व छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं व आशीर्वाद के साथ ही उनको उनके लक्ष्य में सफल होने की बधाई भी दी। IQAC समिति के संयोजक उपप्राचार्य डॉ दलजीत सिंह ने 7वीं 'पूर्व छात्र सम्मेलन' में विद्यार्थियों को अपने संदेश में देश, समाज, परिवार व स्वास्थ्य के प्रति अपने कर्तव्यों को पूर्ण करने की बात कही। मंच का कुशल संचालन श्रीमती सविता जैन ने किया। पूर्व छात्रों की ओर से संगीत, गायन, अंताक्षरी, गजल, गीत, भाषण इत्यादि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। रितु ने कविता, मंजीत ने नृत्य में चार चाँद लगा दिए। सभी पूर्व छात्रों द्वारा अपने-अपने अनुभव भी सांझा किए गए। जो विद्यार्थी शिक्षा क्षेत्र में श्रेष्ठ रहे, रोजगार क्षेत्र में सफल रहे व प्रयासरत हैं, उन सभी ने अपना अनुभव बताया। पूर्व छात्र सम्मेलन में 76 विद्यार्थियों ने भाग लिया। आफताब, दृष्टि, शुभम, कोमल, ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान अलग-अलग विषयों में प्राप्त किया है। ये सभी विद्यार्थी 80% से ऊपर अंक हासिल कर गए। आरजू, विक्रम, अनुराधा, ज्योति देवी, मंजीत, ने अलग-अलग बैंकों में अपनी प्रतिभा से रोजगार प्राप्त किया है। निकिता, राजेश कुमार, विपिन, जैनसी ने शिक्षा क्षेत्र में रोजगार प्राप्त किया है। रितु ने वकालत में, राजेश ने रेलवे में, किशोर ने परामर्शदाता के रूप में रोजगार हासिल किया है।

इस अवसर पर संपूर्ण कॉलेज स्टाफ, पूर्व छात्र सम्मेलन कमेटी के सदस्य डॉ॰ पूजा रानी, श्रीमती रीना, डॉ॰ कविता तनेजा व अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। छात्र पूर्व सम्मेलन में अध्यक्ष पद पर प्रेम वर्मा, उपाध्यक्ष पद पर रितु, सचिव ~~कुम॰~~ किशोर, संयुक्त सचिव तन्नू, खजांची शुभम को नियुक्त किया गया। श्रीमती सीमा सिंह ने सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। कॉलेज के प्राध्यापकों व पूर्व छात्र-छात्राओं के लिए यह अति शुभ अवसर रहा जब सबने अपने विचार एक दूसरे से साझा किए। दीप्ति गाबा मैडम ने कई तरह के खेलों से विद्यार्थियों का भरपूर मनोरंजन कराया। सभी के लिए ये आनन्द के पल रहे।




D. B. G. GOVT. COLLEGE, PANIPAT


G. GOVT. COLLEGE, NIPAT




G. GOV COLLEGE, NIPAT

करनाल | रविवार • 28.04.2024
अमर उजाला

# प्रेम वर्मा बने पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष



देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में प्राचार्या के साथ प्रेम वर्मा। स्रोत : सोशल मीडिया

माई सिटी रिपोर्टर

पानीपत। देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय में पूर्व छात्र परिषद की बैठक शनिवार को की गई। इस दौरान सभी की सहमति से प्रेम वर्मा को पुनः अध्यक्ष चुना गया।

अध्यापकों व पूर्व छात्रों के आपसी संवाद में छात्रों ने अपने महाविद्यालय के अनुभव व उनके वर्तमान के बारे में चर्चा की। महाविद्यालय की प्राचार्या संजू अबरोल मुख्यातिथि रही। पूर्व छात्रों ने अपनी रचनात्मक प्रस्तुति दी और विभिन्न खेल भी कराए गए। सबकी सहमति से प्रेम वर्मा को पुनः अध्यक्ष चुना गया।

ऋतु धौंचक को उपाध्यक्ष, किशोर कुमार को सचिव, तनु कुमारी को सह सचिव व शुभम कुमारी को कोषाध्यक्ष बनाया गया। प्राचार्या संजू अबरोल ने इनके नामों की घोषणा की। प्रेम वर्मा ने सबका आभार जताया और कहा कि वे छात्रों के हित में हमेशा काम करेंगे।

इस अवसर पर प्राध्यापक सीमा शर्मा, दलजीत सिंह, सरोज चौहान, दीप्ति गाबा, सुनील दत्त व नरेश ढांडा उपस्थित रहे।